**वेबसाइटः**www.bankofbaroda.in **ईमेल** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: Mumbai** तारीख/**Date**:- **09.03.2023**

**प्रेसविज्ञप्ति** /**Media Release**

# बसंती से लेकर भुवन तक सभी के लिए

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने #LoansWithoutDrama अभियान की शुरुआत की

*बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा सिर्फ़ **30** मिनट में बहुत ही आसानी से गृह और कार ऋण की मंज़ूरी*

*महिला आईपीएल जिसमें बैंक सहयोगी मीडिया प्रायोजक है , के उद्घाटन के दौरान इस अभियान का भी शुभारंभ किया गया*

**मुंबई, 9 मार्च, 2023:** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने **#LoansWithoutDrama** विज्ञापन अभियान के शुभारंभ की घोषणा की। इस विज्ञापन अभियान में फिल्म के दो बेहद लोकप्रिय किरदारों के माध्यम से बड़े ही मनोरंजक रूप से बताया गया है कि, बैंक ऑफ़ बड़ौदा से डिजिटल माध्यम से गृह ऋण या कार ऋण के लिए आवेदन करना और सिर्फ़ 30 मिनट* में मंज़ूरी पाना कितना आसान है।

#LoansWithoutDrama कार और गृह ऋण अभियान में इस वास्तविक सच्चाई को सामने लाने पर ध्यान दिया गया है कि, आम तौर पर खरीदारों को हाल की अपनी खरीदारी के बारे में अपने परिवार और दोस्तों को थोड़ा रोचक रूप से बताना अच्छा लगता है। वे अपनी बातों को थोड़ा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और एक मनोरंजक रूप से इसके बारे मेन बताते हैं। इस विज्ञापन के अंत में उस वक़्त एक नया मोड़ आता है, जब यह पता चलता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के डिजिटल ऋण के लिए मंज़ूरी पाना सचमुच बहुत आसान है - सिर्फ़ 30 मिनट में सहजता से या बाधारहित के ऋण की मंज़ूरी मिल जाती है। इस विज्ञापन में आज के जमाने के ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को भी दर्शाया गया है, जिनके पास बैंक ऑफ़ बड़ौदा की तरह भरोसेमंद साथी मौजूद है।

असीम संभावनाओं और दर्शकों के बढ़ते उम्मीद को देखते हुए, #LoansWithoutDrama गृह और कार ऋण TVCs को वूमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के उद्घाटन संस्करण के दौरान लॉन्च किया जा रहा है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा WPL का सहयोगी मीडिया प्रायोजक है। भारत की उभरती हुई खेल प्रतिभाओं, विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा उनके साथ लंबे समय तक बनाए रखने के अपने बुनियादी सिद्धांत के अनुरूप ही बैंक WPL को समर्थन दे रहा है। संयोगवश, देश की एक युवा और होनहार खिलाड़ी तथा बैंक की ब्रांड एंडोर्सर, शेफाली वर्मा भी WPL के पहले चरण में खेलने वाली स्टार क्रिकेटरों में शामिल हैं।

इस अवसर पर **श्री वी.जी. सेंथिलकुमार, उप-महाप्रबंधक, प्रमुख - विपणन एवं ब्रांडिंग, बैंक ऑफ बड़ौदा,** ने कहा, *"आम तौर पर लोग यही मानते हैं कि ऋण के लिए आवेदन करना बड़ा ही जटिल काम है, जिसमें ऋण लेने के लिए व्यक्ति को एक लंबी और धीमी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। हम इस सोच को बदलना चाहते थे और यह दिखाना चाहते थे कि बैंक ऑफ बड़ौदा कार एवं गृह ऋण की प्रक्रिया वाकई में बेहद आसान है। हम दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए इस बात को बड़े मनोरंजक और रोचक तरीके से पेश करना चाहते थे। आज के दौर में ग्राहक एक ऐसे वित्तीय भागीदार की तलाश में हैं, जो न केवल उन्हें अपने सपनों और आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम बनाए, बल्कि उन्हें इसे तुरंत, सहज तरीके से और बाधारहित प्राप्त करने में भी सक्षम बनाए। एक प्रकार से देखा जाए तो, बैंक ऑफ बड़ौदा का #LoansWithoutDrama उनकी फाइनेंसिंग से जुड़ी हर सा, समस्या का हल है।"*

वीडियो का आनंद लेने के लिए यहाँ क्लिक करें: गृह ऋण | कार ऋण

#LoansWithoutDrama विभिन्न भाषाओं में विभिन्न चैनलों पर दिखाया जाने वाला विज्ञापन अभियान है, जिसे टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल माध्यमों तथा आउटडोर प्लेटफार्मों पर आठ भाषाओं - यानी हिंदी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में प्रसारित किया जाएगा।

हाल ही में बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी अपनी गृह ऋण की ब्याज दरों में 40 बेसिस प्वाइंट की कमी की है, जिसके बाद यह घटकर 8.50%* प्रति वर्ष हो गया है। यह विशेष दर 31 मार्च, 2023 तक की सीमित अवधि के लिए है। यह पूरे उद्योग जगत में सबसे कम और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों में से एक है। ब्याज दरों में कमी के अलावा, बैंक गृह ऋण की प्रोसेसिंग शुल्क पर 100% छूट का प्रस्ताव भी दे रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा गृह ऋण के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को निम्नलिखित चरणों का पालन करना होगा:

1. बॉब वर्ल्ड में लॉग-इन करें या https://www.bankofbaroda.in/ पर जाएँ

2. अपने दस्तावेज़ अपलोड करें
3. 30 मिनट* के अंदर मंज़ूरी पाएँ
4. आकर्षक ब्याज दर का लाभ उठाएँ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार ऋण की विशेषताएँ:

1. पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया
2. 20 लाख रुपये* तक के पूर्व-स्वीकृत प्रस्ताव
3. कोई प्रोसेसिंग शुल्क या पूर्व भुगतान शुल्क नहीं
4. आकर्षक ब्याज दर का लाभ उठाएँ

* नियम व शर्तें लागू

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For further information, please contact:**
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | sneha.joshi@dentsu.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda